भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5387

25 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

कोयम्बटूर शहर में मेट्रो रेल परियोजना

5387. श्री के. शनमुगा सुंदरम :

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कोयंबटूर शहर में मेट्रो रेल परियोजना लागू करने का विचार है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त परियोजना को लागू करने के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन किया है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने उक्त मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य में भाग लेने हेतु किसी विदेशी एजेंसी को आमंत्रित किया है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख) : मेट्रो रेल सहित, शहरी परिवहन, शहरी विकास का अभिन्न अंग है, जोकि राज्य का विषय है । इसलिए मेट्रो रेल परियोजनाओं के प्रस्तावों की पहल संबंधित राज्य सरकारों द्वारा की जाती है, जो व्यवहार्यता अध्ययन भी करती हैं और व्यापक परिवहन योजना, वैकल्पिक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट इत्यादि भी तैयार करती हैं । तमिलनाडु सरकार ने कोयंबटूर में मेट्रो रेल के कार्यान्वयन के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है ।

(ग) : उपर्युक्त (क) और (ख) को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

*****